समाचार

सुशासन दिवस

21 दिसम्बर को निगम के सभी जोन कार्यालयों में आयोजित होंगे जनसमस्या निवारण शिविर

कोरबा 19 दिसम्बर 2024 – सुशासन दिवस अंतर्गत 21 दिसम्बर को नगर पालिक निगम कोरबा के समस्त जोन कार्यालयों में प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा, शिविर में नागरिकों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन, जानकारी ली जाएगी तथा शीघ्र निराकृत होने वाली समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निराकरण तथा शेष समस्याओं का क्रमशः शीघ्रता से निराकरण किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशों के तहत कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में 21 दिसम्बर को नगर पालिक निगम कोरबा के सभी जोन कार्यालय यथा कोरबा जोन, परिवहन नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्लनगर, बालको, दर्री एवं सर्वमंगला जोन कार्यालयों में प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। उक्त शिविरों में निगम क्षेत्र के नागरिकों की विभिन्न समस्याएं यथा नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म–मृत्य प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्ति, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरणों सहित कई विविध छोटे–छोटे कार्य से जुड़ी समस्याओं का निराकरण होगा। इसी प्रकार नल लिकेज, नलों में पानी न आना, नालियों–गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी–फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाईट बंद रहना आदि जैसी समस्याओं का निराकरण त्वरित रूप से किया जाएगा।

<u>शिविर हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त</u> – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आदेश जारी कर सुशासन दिवस शिविर आयोजन हेतु निगम के अधीक्षण अभियंता श्री एम.के.वर्मा को मुख्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, वहीं विभिन्न जोन के जोन कमिश्नर उनके जोन में आयोजित होने वाले शिविरों के नोडल अधिकारी होंगे तथा उप जोन प्रभारियों को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने सभी जोन कमिश्नर्स व उप जोन प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि वे निर्धारित तिथि व समय अनुसार जोन कार्यालयों में शिविरों का आयोजन करें तथा प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित विभाग प्रभारी से समन्वय स्थापित कर समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराना सुनिश्चित करें।